

02

एयरफोर्स की टीम ने कबड्डी में जीता सिल्वर मेडल

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

तीज-त्योहारों को सामूहिक एकता से मनाना चाहिए: बबीता



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, सोमवार, 06 मार्च 2023 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | विक्रमी संवत 2079, अमांत-फाल्गुन, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी/पूर्णिमा, मूल्य, 2.00 रुपए

## स्वयंसेवक को दी प्रकृति के बारे में जानकारी



स्वयंसेवक बच्चों से मिलते हुए। **आज समाज**

**बल्लभगढ़।** एनएसएस सात दिवसीय विषेश शिविर के दूसरे दिन अरावली यात्रा एवं वस्त्र वितरण गतिविधि का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ . की एनएसएस. की तीन इकाईयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा-निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत में के प्रार्थना, योग, व्यायाम, कसरत इत्यादि से हुई। तत्पश्चात कुछ स्वयंसेवक ने खेल कार्यक्रम में भाग लिया। इस शिविर में 50 स्वयंसेवक ने अरावली यात्रा की। जहां सभी प्रकृति के बारे में तमाम जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवक और सतर्कता अधिकारी बृजपाल द्वारा की गई। कार्य क्रम में अतिथि को पौधा भेंट किया गया। इस कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने सभी कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा, डॉ. सीमा मलिक और स्वयंसेवक के कार्य के लिए बधाई दी।